हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 24 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 कार्यक्रम में प्रतिभा के साथ सेवा भाव को मिला...



07 राष्ट्रीय प्रतीकों का मॉडल बनाकर पूजा यादव ने...



खबर संक्षेप

टेट परीक्षा के विरोध में केंद्रीय मंत्री से मिलेंगे कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि

विदिशा। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल 24 अगस्त को सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करेगा। संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे ने बताया कि सेवारत शिक्षकों को परीक्षा देने में आपत्ति नहीं है, लेकिन सेवा के अंतिम पड़ाव में पात्रता परीक्षा लेना उनकी योग्यता और सेवा शर्तों का अपमान है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर आवेदन, शुल्क, आरक्षण और उत्तीर्णांक सहित कई विसंगतियां हैं, जिससे शिक्षकों में रोष है। संघ परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपेगा। दुबे ने टेट के दायरे में आने वाले शिक्षकों से भोपाल पहुंचने की अपील की है।

पद्मश्री से सम्मानित डॉ. नारायण व्यास का होगा अभिनंदन

विदिशा। प्रदेश के गौरव एवं विरासत ग्रुप के सम्मानित सदस्य डॉ. नारायण व्यास को भारत के प्रतिष्ठित पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर ग्रुप की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह 30 अगस्त को पर्यटन एवं पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल सांची स्थित बौद्ध सोसाइटी भवन, रेलवे स्टेशन के पास प्रस्तावित है। समारोह की तैयारियों को लेकर विरासत ग्रुप की बैठक रविवार 23 अगस्त को शाम 4 बजे स्थानीय सर्किट हाउस, विदिशा में आयोजित की गई है। ग्रुप ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होकर समारोह की तैयारियों में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

कुरवाई अस्पताल में लापरवाही का आरोप, प्रसूता-बच्चे की जान पर बना संकट

कुरवाई। शासकीय अस्पताल कुरवाई में प्रसूता के उपचार और एंबुलेंस सुविधा में लापरवाही के आरोप सामने आए हैं। वार्ड क्रमांक 8 निवासी दीपक रैकवार ने बताया कि शनिवार शाम वह अपनी पत्नी पूनम को प्रसव के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां जांच के बाद सामान्य प्रसव होने की बात कही गई। आरोप है कि रात करीब 8 बजे अचानक प्रसूता को विदिशा रेफर करने की बात कही गई, लेकिन समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। रात करीब 11 बजे एंबुलेंस मिलने तक प्रसव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार रास्ते में मेहलुआ चौराहे के पास सामान्य प्रसव हुआ, जिसके बाद जच्चा-बच्चा को पुनः कुरवाई अस्पताल लाया गया। अधिक रक्तस्राव होने पर पूनम को दोबारा विदिशा रेफर किया गया। आरोप है कि दूसरी बार भी एंबुलेंस समय पर नहीं मिली। बाद में मीडिया के हस्तक्षेप के बाद एंबुलेंस उपलब्ध हुई और सुबह करीब 4 बजे प्रसूता को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के बाद मां और बच्चे की जान बच सकी। मामले की जानकारी बीएमओ को भी दिए जाने की बात कही गई है।



विदिशा। प्रतिबंध होने के बावजूद दर्जनों मजबूर लगाकर भारी मात्रा में अवैध तरीके से निकाली जा रही रेत।

30 जून से एक अक्टूबर तक कलेक्टर ने लगाया है खनन पर प्रतिबंध।

खनन पर प्रतिबंध का माफियाओं पर नहीं असर

गुरोद गांव में नदी वाले मंदिर के सामने से रोज निकाल रहे 10 ट्रॉली रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नटेरन तहसील क्षेत्र के गुरोद गांव में नदी वाले मंदिर के सामने भारी मात्रा में रेत का अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने 30 जून से 1 अक्टूबर तक खनन पर प्रतिबंध लगाया है। लेकिन यहां रेत माफिया खुलेआम ट्रैक्टर ट्रॉलियां दौड़ा रहे हैं। नदी किनारे करीब 10 फीट गहरी खुदाई कर दी गई है। 5 छन्ने लगे हुए हैं दर्जनों मजदूर रोज रेत छानने आते हैं और करीब 10 ट्रैक्टर ट्रॉलियों से रेत भरकर गांव के रास्ते से ही ले जाते हैं।

जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल

खुलेआम चल रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि प्रतिदिन 8 से 10 ट्रॉली रेत निकाली जा रही है तो इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी होना चाहिए। कार्रवाई नहीं होने से जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस अवैध खनन को बंद कराने और संबंधित माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

चीर रहे नदी का सीना 10 फीट गहरी खंती बनी

खनन माफियाओं में कलेक्टर के आदेश का जरा भी खौफ नहीं है। नदी का सीना चीर दिया गया है। खनन वाले स्थान पर जिस किसान की जमीन लगी है वह नदी से रेत निकालने की वसूली कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार खनन होने से नदी के प्राकृतिक स्वरूप पर भी असर पड़ रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं होने से अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

व्यापारी पिता-पुत्र को गोली मारकर लूटने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

ज्वेलर्स को गोली मारकर उत्तरप्रदेश में छिपे मिले आरोपी, नेपाल भागने की थी तैयारी

- पुराने रिकॉर्ड की जांच में आरोपियों के उत्तरप्रदेश में छिपे होने की जानकारी मिली।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद थाना क्षेत्र के पिपलधार से हाट बाजार कर लौट रहे व्यापारी पिता-पुत्र को गोली मारकर सोना-चांदी और नकदी से भरा बैग लूटने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 25 लाख 18 हजार 750 रुपए का मशरूका बरामद किया गया है। बरामद सामान में 7.235 किलो चांदी, 25 ग्राम सोना, दो मोटरसाइकिल और तीन अवैध देसी कट्टे शामिल हैं। वारदात 5 अगस्त की शाम पट्टन-पिपलधार के बीच शासकीय अस्पताल के पास हुई थी।

बाइक गिराकर पिता पुत्र पर की फायरिंग

घटना 5 अगस्त की शाम करीब 6:30 बजे की है। व्यापारी संजय सोनी (50) अपने बेटे यश सोनी (22) के साथ मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। दोनों सोना-चांदी का कारोबार करते हैं। पट्टन-पिपलधार के बीच तीन बदमाशों ने उनका पीछा किया और मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद बदमाशों ने देसी कट्टे से फायरिंग की और सोना-चांदी व नकदी से भरा बैग लूटकर पिपलधार की ओर भाग गए। फायरिंग में संजय सोनी की बाईं कलाई में गोली लगी, जबकि बाइक से गिरने के कारण यश सोनी घायल हो गए। दोनों का इलाज कराया गया और अब उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। लूट के बाद आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने छह विशेष टीमें गठित कीं। टीमों ने 360° दृष्टि अभियान के तहत घटनास्थल और आरोपियों के संभावित रास्तों के 550 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके अलावा पुलिस ने 400 से ज्यादा लोगों और संदिग्धों से पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद ली। फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपियों के स्कैच भी तैयार कराए गए। तकनीकी साक्ष्यों और पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की जांच के दौरान आरोपियों के उत्तरप्रदेश में छिपे होने की जानकारी मिली थी।

7.235 किलो चांदी, 25 ग्राम सोना, दो बाइक तीन अवैध देसी कट्टे जब्त



लूट कांड से आक्रोशित शहर के सराफा व्यापारियों ने एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन देकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की थी। व्यापारियों ने बंदूक के लाइसेंस देने की भी मांग की है।

7 किलो चांदी सहित ढाई तौला सोना बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7.235 किलो चांदी, जिसकी कीमत करीब 18 .08 लाख रुपए है, और 25 ग्राम सोना, जिसकी कीमत करीब 3 .50 लाख रुपए है, बरामद किया है। इसके अलावा करीब 2 .10 लाख रुपए कीमत की दो मोटरसाइकिल और करीब 1.50 लाख रुपए कीमत के तीन अवैध देसी कट्टे भी जब्त किए गए हैं। बरामद मशरूके की कुल कीमत 25 लाख 18 हजार 750 रुपए बताई गई है।

पुलिस टीमों ने उत्तरप्रदेश में कई दिनों तक डेरा डाला

पुलिस के अनुसार वारदात के बाद आरोपी उत्तरप्रदेश में लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे, वे नेपाल भागने की तैयारी में थे। पुलिस टीमों ने उत्तरप्रदेश में कई दिनों तक डेरा डाला और स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी। इसके बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णपाल उर्फ मंजले राजा (32) निवासी बलरगुवां थाना पुराकलां उत्तरप्रदेश। इंद्रपाल सिंह बुंदेला (32) निवासी चांदरा, थाना पुराकलां उत्तरप्रदेश सहित कल्याण सिंह परमार (45) निवासी टीला, थाना कोतवाली ललितपुर उत्तरप्रदेश और टिंकू उर्फ मुकेश यादव (30) निवासी मुरादपुर गंजबासौदा मध्यप्रदेश शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश और उत्तरप्रदेश में पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एक ही फंदे पर लटके मिले दो दोस्त, परिजन ने जताई हत्या की आशंका

दोनों साथ खेत पर काम करने एक साथ जाते थे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा तहसील अंतर्गत अहमदपुर कस्बा के नजदीक आदमपुर गांव में रविवार सुबह एक पेड़ पर दो दोस्तों के शव मिले। मृतकों की पहचान आकाश पुत्र उधम सिंह मीणा (22) और बाबू पुत्र शहजाद अली (21) के रूप में हुई है।

सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। राजपाल सिंह जादौन का कहना है कि पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि आकाश दो भाइयों में बड़ा था और उसकी कुछ महीने पहले ही शादी हुई थी। उसका परिवार मजदूरी करता है। वहीं आरिफ उर्फ बाबू तीन भाइयों में सबसे छोटा था, उसकी एक बहन भी है। उसके परिवार के पास करीब चार बीघा जमीन है। परिवार के सदस्य खेती के साथ मजदूरी भी करते हैं।



दोनों काफी अच्छे दोस्त थे, पड़ोसी भी थे

आकाश और बाबू काफी अच्छे दोस्त थे और पड़ोसी भी थे। दोनों साथ में खेतों पर काम करने जाते थे। अपनी खेती के साथ जरूरत पड़ने पर दूसरे किसानों के खेतों पर भी मजदूरी करते थे। ग्रामीणों के मुताबिक, दोनों सीधे-सादे थे। गांव में उनका किसी से कोई विवाद नहीं था।

ग्रामीणों ने शवों पर चोट की बात कही

सूचना के बाद फोरेंसिक टीम और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच की गई और आसपास के लोगों से जानकारी ली गई। कुछ ग्रामीणों ने शवों पर चोट के निशान होने की बात कही है। साथ ही ये भी कहा कि जिस स्थिति में दोनों शव मिले, उसमें उनके पैर जमीन को छू रहे थे। हालांकि, पुलिस ने इन बातों की पुष्टि नहीं की है। पुलिस परिजन और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी।

घर में लड्डू बनाते रहे परिवार के अन्य लोग कमरे में 14 वर्षीय किशोरी ने लगाई फांसी

परिजन अस्पताल लेकर आए इलाज के दौरान मौत, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शनिवार शाम 14 वर्षीय किशोरी ने अपने घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगा ली। परिवार के लोग उस समय घर में लड्डू बनाने के काम में व्यस्त थे। किशोरी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक किशोरी कुछ देर तक कमरे से नीचे नहीं आई। परिवार का एक सदस्य उसे बुलाने के लिए पहली मंजिल पर पहुंचा। कमरे में किशोरी पंखे के कुंडे से साड़ी के फंदे पर लटकी मिली।

आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा गया। इसके बाद तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

लड्डू बनाने में व्यस्त थे

घटना के समय घर में लड्डू बनाए जा रहे थे। इसी काम में परिवार के सभी सदस्य व्यस्त थे। पिता फूल लेने के लिए बाहर गए हुए थे। परिजनों के मुताबिक, चार बच्चों में किशोरी तीसरे नंबर की बेटी थी और कक्षा 9वीं में पढ़ती थी। पिता ने बताया कि बेटी पढ़ाई में अच्छी थी। परिजनों का कहना है कि घर में किसी तरह का विवाद या तनाव नहीं था।

शमशाबाद के लाडपुर, संग्रामपुर-किशनपुर बीट में वन विभाग की कार्रवाई

300 बीघा वन भूमि से हटाया अतिक्रमण फसल, बागड़ और अस्थायी टपरे भी हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

शमशाबाद वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने करीब 300 बीघा वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

वन मंडल अधिकारी विदिशा हेमंत यादव ने बताया की कार्रवाई वर्धा के लाडपुर तथा संग्रामपुर-किशनपुर बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ-277, आरएफ -278, आरएफ-279 और आरएफ-227 में की गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया। इसके बाद जेसीबी और वन अमले की मदद से अवैध कब्जे हटाकर भूमि को विभाग के कब्जे में लिया गया।

वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा बोई गई फसल जमीन के चारों ओर लगाई गई कांटेदार बागड़ सहित अस्थायी टपरों को भी हटाया गया। कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश के नेतृत्व में की गई। इसमें शमशाबाद वन स्टाफ के साथ दक्षिण लटेरी वन परिक्षेत्र का अमला भी शामिल रहा। टीम की मौजूदगी में वन भूमि पर किए गए कब्जों को हटाया गया। मुक्त कराई गई भूमि पर दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई करीब 300 बीघा भूमि पर अब पौधरोपण की तैयारी की जा रही है।



शमशाबाद। जेसीबी और ट्रैक्टर चलाकर फसल नष्ट कराई।

एसोसिएशन ने पीएम के नाम भेजा ज्ञापन 4.50 लाख पेंशनर परिवारों का मुद्दा उठाया

पेंशनरों की महंगाई राहत का अंतर भुगतान कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने पेंशनरों को कर्मचारियों के समान महंगाई राहत (डीआर) देने और लंबे समय से लंबित अंतर राशि का भुगतान कराने की मांग की है।

इस संबंध में एसोसिएशन की ओर से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। एसोसिएशन के विदिशा जिला अध्यक्ष ओपी चतुर्वेदी ने बताया कि महंगाई राहत में अंतर के कारण प्रदेश के करीब 4.50 लाख पेंशनर परिवार प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि सातवें वेतनमान के तहत 1 जनवरी 2016 से शासकीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनरों को महंगाई राहत दी जा रही है। जनवरी और जुलाई में होने वाली वृद्धि के चलते 1 जनवरी 2016 से 1 जनवरी 2019 तक दोनों में समान रूप से बढ़ोतरी हुई।

एसोसिएशन के अनुसार 1 अक्टूबर 2021 से कर्मचारियों और पेंशनरों की महंगाई राहत में अंतर किया जाने लगा। एसोसिएशन ने बताया कि 1 अक्टूबर 2021 से 31 दिसंबर 2025 तक के अंतर का भुगतान नहीं होने से बकाया राशि बढ़ती गई। उदाहरण देते हुए कहा कि 10 हजार रुपए मूल पेंशन वाले पेंशनर का 71 माह में करीब 32,800 रुपए का अंतर बनता है। एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप कर कर्मचारियों के समान डीआर और बकाया अंतर राशि का भुगतान कराने की मांग की है।

सातवें वेतनमान के तहत 1 जनवरी 2016 से शासकीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनरों को महंगाई राहत दी जा रही है।

साकेत में स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के लिए किया जागरूक

मोबाइल और जंक फूड के दुष्प्रभावों पर जागरूकता सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों के स्वस्थ एवं बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए मोबाइल के अत्यधिक उपयोग और जंक फूड के अधिक सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य के. सिंह एवं संदीपनी स्कूल के प्राचार्य बलराम चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेषज्ञ वक्ता कोपल जैन ने अभिभावकों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बच्चों के स्वास्थ्य, एकाग्रता, पढ़ाई, नींद और व्यवहार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी दी।

साथ ही जंक फूड के अधिक सेवन से होने वाली विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और संतुलित खान-पान के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। अभिभावकों ने विशेषज्ञ की बातों को गंभीरता से सुना और बच्चों को मोबाइल के अनावश्यक उपयोग तथा जंक फूड से दूर रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वस्थ, अनुशासित और संतुलित जीवनशैली विकसित करने के लिए अभिभावकों को जागरूक करना रहा। विद्यालय संचालक ने अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सजग अभिभावक ही बच्चों के स्वस्थ और सफल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं। मुख्य अतिथियों ने पहल को स्वास्थ्य, अनुशासन और डिजिटल संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। संस्था प्राचार्य डॉ. जीडी पाटिल ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञ वक्ता और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



विदिशा। जंक फूड के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जागरुक किया।

- अभिभावकों ने विशेषज्ञ की बातों को गंभीरता से सुना।

खबर संक्षेप

अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

गंजबासौदा। नगर के पंडापुरा निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी लगा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक का नाम विनायक दुबे उम्र 27 वर्ष है। युवक द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से उतार कर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पूर्व पार्षद को मातृशोक



गंजबासौदा। अयोध्या प्रसाद शर्मा एवं वार्ड क्रमांक 13 के पूर्व पार्षद रूपेन्द्र शर्मा गुड्डा की माता गिरीश कुमारी शर्मा का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम को पारासरी विश्राम घाट पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्राणसिंह रघुवंशी का निधन




गंजबासौदा। बरेठ रोड निवासी रामबाबू रघुवंशी और राकेश रघुवंशी के पिता एवं पत्रकार आशीष रघुवंशी के ससुर प्राण सिंह रघुवंशी कलाखेड़ी वालों का रविवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद पारासरी शांतिधाम पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी।

बालाजी पेट्रोल पंप पर पूरी राशि लेकर कम दे रहे थे पेट्रोल, नोजल सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नापतौल विभाग ने रविवार को दोपहर के समय नवीन बस स्टैंड स्थित बालाजी पेट्रोल पंप पर छापामार कार्रवाई की। नापतौल विभाग को इस पंप से कम पेट्रोल डीजल देने की शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान दो नोजल में गड़बड़ी मिलने पर विभाग ने उन्हें सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले ग्रीन वैली कॉलोनी निवासी बबलू शर्मा ने नापतौल विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। शर्मा ने बताया था कि उन्होंने पंप पर 50 रुपये का पेट्रोल डलवाया था, लेकिन कर्मचारी द्वारा नोजल टंकी में डालने के बाद भी पेट्रोल नहीं आया। संदेह होने पर उन्होंने इसकी शिकायत नापतौल विभाग में की थी। इस शिकायत के बाद नापतौल विभाग की अधिकारी निधि श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची थीं। शिकायतकर्ता बबलू शर्मा के सामने ही विभाग ने मौके पर जांच की। जांच के दौरान दो नोजल में 'एक्स्ट्रा फ्यूल डिस्चार्ज' की



अनियमितता पाई गई और शिकायत सही पाई गई। जिस पर विभाग ने दोनों नोजल को सील कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है और वे सचेत हो गए हैं।

इनका कहना है...

शिकायत मिलने पर नया बस स्टैंड स्थित बालाजी पेट्रोल पंप पर जांच की गई। इस दौरान दो नोजल में 'एक्स्ट्रा फ्यूल डिस्चार्ज' की अनियमितता पाई गई। जिस पर उन्हें सील किया गया है।

निधि श्रीवास्तव
निरीक्षक नापतौल विभाग

अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर बकाया है संपत्तिकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बरेठ रोड पन्ना मार्केट में बनी नगर पालिका की दुकानों के आगे गैलरी में पक्के निर्माण कर शटर लगाकर अतिक्रमण करने का मामला विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन और नपा प्रशासन की मौजूदगी में समाप्त हो गया है। विधायक ने नपा प्रशासन से पूरी जानकारी लेने के बाद बताया कि दुकानदारों द्वारा नियमानुसार एग्रीमेन्ट नहीं किए और 2008 से 2026 तक कर की राशि भी जमा नहीं कराई है। ऐसे में वह गलत का साथ नहीं दे सकते। बैठक में निर्णय भी लिया गया है कि जिन दुकानदारों द्वारा इस प्रकार अतिक्रमण किया गया है, वह स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लें। इसके लिए नपा ने उन्हें समय दिया हुआ है। नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा ने बताया कि शनिवार को विश्राम गृह में जनप्रतिनिधियों एवं दुकानदारों व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में बताया गया कि 25 दुकानों में से मात्र 3 दुकानदारों के द्वारा ही एग्रीमेन्ट कराया गया है। नपा सीएमओ ने बताया कि लगभग इन दुकानदारों पर 15 लाख रूपये तक का संपत्ति कर बकाया है। जिसकी सूची नगर पालिका ने निकलवाकर दी है। जिनमें 3 लाख 67 हजार, 1 लाख 68 हजार तक के बड़े बकायादार भी शामिल हैं। बैठक में लगभग 20 से अधिक दुकानदार व्यापारी एवं व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिन्होंने पूरी जानकारी के बाद नपा प्रशासन को सहयोग करने की सहमति भी दी है।

पैदल झंडा लेकर आते हैं खाटू श्याम मंदिर



गंजबासौदा। नगर से करीब 8 किमी दूर ककरावदा निवासी दीवान सिंह रघुवंशी और जितेन्द्र रघुवंशी प्रतिमाह पैदल ही गांव से झंडा लेकर नगर में खाटू श्याम मंदिर तक आते हैं। ये दोनों दो बार राजस्थान में खाटू श्याम मंदिर तक भी पैदल यात्रा कर चुके हैं। उनकी आस्था और भक्ति की सभी सराहना करते हैं।

उदयपुर में खुदाई के दौरान प्राचीन शिवलिंग मिलने का मामला

नागरिकों ने पुरातत्व विभाग से की वैज्ञानिक उत्खनन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उदयपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उस ऐतिहासिक स्थल पर पुरातत्व विभाग द्वारा वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित उत्खनन कराए जाने की मांग की है, जहां पिछले वर्ष मानसून के दौरान खुदाई, मिट्टी के कटाव के पश्चात एक प्राचीन शिवलिंग प्राप्त हुआ था। शिवलिंग मिलने के बाद स्थानीय लोगों में इस स्थल के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व को लेकर विशेष उत्सुकता बनी हुई है। स्थानीय समुदाय का मानना है कि यदि स्थल का विशेषज्ञों की




देखरेख में व्यवस्थित पुरातात्विक उत्खनन कराया जाए तो यहां से अन्य महत्वपूर्ण पुरावशेष, स्थापत्य अवशेष अथवा प्राचीन धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े प्रमाण प्राप्त हो सकते हैं। उदयपुर और आसपास मानसून के दौरान पुनः मिट्टी के कटाव एवं प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण स्थल पर छिपे अवशेषों के सामने आने की संभावना को देखते हुए लोगों ने विभाग से समयबद्ध कार्रवाई का आग्रह किया है। जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने कहा कि इस स्थल की वास्तविक ऐतिहासिकता और पुरातात्विक महत्ता का निर्धारण केवल वैज्ञानिक सर्वेक्षण एवं विशेषज्ञों द्वारा किए जाने वाले उत्खनन से ही संभव है। इसलिए पुरातत्व विभाग से आग्रह किया गया है कि वे उदयपुर स्थल का प्रारंभिक निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार वैज्ञानिक उत्खनन की प्रक्रिया प्रारंभ कराएं तथा प्राप्त अवशेषों का विधिवत दस्तावेजीकरण और संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

स्थानीय समुदाय ने आशा व्यक्त की है कि विभाग द्वारा इस मांग को गंभीरता से लेते हुए स्थल का परीक्षण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के संभावित पुरातात्विक इतिहास को सामने लाने में मदद मिल सके।

तेज बारिश के चलते पारासरी नदी का जल स्तर बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पिछले कुछ दिनों से इलाके में बारिश का दौर थमा रहा और इस दौरान कभी कभार बौछारें पड़ती रहीं, लेकिन गत दिवस से मौसम ने एक बार फिर अपने तेवर बदल लिए हैं और इलाके में फिर से रह रहकर अच्छी बारिश शुरू हो गई है। शनिवार की सुबह और देर शाम को हुई जोरदार बारिश का असर रविवार को पारासरी नदी के बढ़े जलस्तर के रूप में नजर आया। वहीं रविवार को भी दोपहर बाद से इलाके में तेज बारिश शुरू हो गई, जो खबर लिखे जाने तक रह रहकर जारी है।

शनिवार से लेकर रविवार की सुबह तक इलाके में 8.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिसे मिलाकर अभी तक इलाके में 740.8 मिमी पानी बरस चुका है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में 844.3 मिमी बरसात हो चुकी थी। इस लिहाज से गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कम बारिश हुई है। हांलाकि आगामी दिनों में अच्छी बारिश के पूर्वानुमान हैं और उम्मीद की जा रही है कि वर्षाकाल समाप्त होने तक औसत के आसपास पानी बरस जाएगा।

शनिवार को रह रहकर पानी बरसता रहा। वहीं रविवार की सुबह भी बारिश हुई, लेकिन उसके बाद मौसम साफ हो गया और दोपहर में कुछ समय के लिए धूप भी निकल आई। जिससे लोगों को राहत मिल गई, लेकिन यह राहत ज्यादा देर नहीं रही और दोपहर करीब 2 बजे से ही आसमान फिर से बादलों से ढंक गया और एक बार फिर से नगर सहित इलाके भर में जोरदार बारिश शुरू हो गई।

उधर बीती रात और आज सुबह नगर के आसपास के क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश से पारासरी नदी का जलस्तर बढ गया और नदी उफान पर आ गई। खबर लिखे जाने तक नदी का जलस्तर बढता जा रहा है। इस स्थिति को देखते हुए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के निर्देश पर नपा प्रशासन ने सुरक्षा, सावधानी एवं राहत बचाव के लिए अपनी तैयारियों की समीक्षा शुरू कर दी है। ताकि आवश्यकता पडने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने नागरिकों से भी अपील की है कि बारिश की स्थिति और नदी के बढते जलस्तर पर निगरानी रखें और नदी नालों के आसपास न जाएं। किसी भी आपात स्थिति में नपा एवं प्रशासनिक अधिकारियों को त्वरित सूचना दें।

पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गायत्री परिजन जय राम अहिरवार के बेहलौट रोड स्थित नव निर्मित मकान पर पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ बसंत पाण्डेय के आचार्यत्व एवं विदिशा से पधारे वरिष्ठ परिजन व गंजबासौदा के प्रभारी श्रीराम कटियार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। गायत्री परिजनों द्वारा विश्व शांति, देश की खुशहाली, सभी के उत्तम स्वास्थ्य के लिए यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित की गईं। इस अवसर पर कटिहार ने गुरुजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व तथा वेदमाता गायत्री के महत्व को समझाया। संदीप तिवारी द्वारा अपने भजनों के माध्यम से लोगों को मुग्ध किया गया। वहीं मुख्य ट्रस्टी पूनम तिवारी ने गायत्री मंत्र लेखन की पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया तथा गायत्री मंत्र का महत्व बताया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी सुरेश सैनी ने पांच महायज्ञों के बारे में बताया। संगीता शर्मा ने उपाचार्य की भूमिका निभाई। सूरज सिंह परिहार और वेद प्रकाश खरे द्वारा भजन और ढपली पर गायन किया गया। सुनीता माथुर द्वारा 18 सूत्रीय सत्संकल्पों का वाचन किया गया। बालमुकुन्द कुशवाह और हेमलता ने सेवा कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर श्याम सुन्दर माथुर तहसील प्रमुख, तुलसीराम आर्य, रघुवीर परिहार, कारेलाल प्रमुख्य रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जयराम अहिरवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रतिभा के साथ सेवा भाव को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



सम्मान का मंच एक था, लेकिन उपलब्धियों के क्षेत्र अनेक। रघुवंशी समाज की प्रतिभाओं के अलावा अन्य समाजों के सामाजिक एवं सेवाभावी संगठनों को भी सम्मानित किया गया। यह दृश्य था रविवार को नगर की बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित हुए जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम एवं संत कनक बिहारी दासजी महाराज के चित्र के समक्ष पूजन-अर्चन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद 'श्रीराम जय राम जय जय राम' विजय मंत्र के सामूहिक जाप के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र रघुवंशी ने किया जबकि आभार जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने माना। समारोह के दौरान रघुवंशी समाज की परिणय परिचय पत्रिका का विमोचन भी समाज के वरिष्ठजनों द्वारा किया गया।

पहली बार आयोजित इस जिला स्तरीय समारोह में जिले भर से 150 से अधिक प्रतिभाओं और सेवाभावी व्यक्तियों एवं संस्थाओं के अलावा रघुवंशी समाज के कक्षा 10 वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। नीट, आईआईटी, क्लेट सहित अन्य प्रशासनिक प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित युवाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, रघुवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, संरक्षक एवं पूर्व संसदीय सचिव अजय सिंह रघुवंशी, डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी, असिस्टेंट कमिश्नर वित्त विभाग आकाश रघुवंशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, बासौदा जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में जिले भर के रघुवंशी समाज के बंधु मौजूद रहे। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सोमनाथ रघुवंशी मानौरा ने घोषणा की कि प्रशासनिक सेवा में जाने की क्षमता रखने वाली समाज की आर्थिक रूप से कमजोर एक प्रतिभा की तैयारी का पूरा खर्च वे स्वयं वहन करेंगे। रघुवंशी समाज के अलावा अन्य सेवाभावी संस्था अन्नपूर्णा सेवा समिति, निस्वार्थ गौ सेवा, नागरिक सेवा समिति, गुरु कृपा अन्य क्षेत्र समिति, खेड़ापति हनुमान मंदिर गौशाला समिति, श्रमदान दल, नशे के खिलाफ सुंदरकांड के माध्यम से जन जागरण कर रही हिंदू चेतना मंच, नौलखी सीताराम संकीर्तन मंडल, रघुकुल युवा परिषद, श्री राम जन्मोत्सव समिति सिरोंज, नटेरन, श्री राम नाम बैंक, नर्मदा सेवा समिति, शिवार्चन सेवा समिति, कैंसर पीड़ितों के मददगार अजय सिंह रघुवंशी गमाखर, बिना दहेज के पुत्र की शादी करने वाले मोती सिंह रघुवंशी करोंदाकला, रघुकुल वृद्धाश्रम को भी मंच से सम्मानित किया गया।

श्रावण मास की एकादशी के अवसर पर हुआ आयोजन

खाटू श्याम मंदिर के लिए निकाली गई निशान यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रावण मास की एकादशी के पावन अवसर पर रविवार को नगर में खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। निशान यात्रा हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर खाटू श्याम मंदिर तक निकली। पूरी यात्रा के दौरान श्याम मंडली के सदस्य मधुर भजनों पर झूमते हुए आगे बढ़े। मंदिर के गुरु वीरेंद्र दुबे के सानिध्य में हर महीने की दोनों एकादशी पर यह यात्रा नियमित निकाली जाती है। मंडली के सदस्य अतुल ताम्रकार ने बताया कि इस गौरवशाली निशान यात्रा का यह लगातार 5 वां वर्ष है। खाटू श्याम मंदिर में वर्ष भर कई धार्मिक अनुष्ठान बड़े पैमाने पर आयोजित किए जाते हैं। भादों मास की बड़ी दोज पर बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव, विशेष श्रृंगार और छप्पन भोग का आयोजन होली के अवसर पर भव्य फाग उत्सव और दधि उत्सव की धूम रहती है। अंग बसंत पंचमी पर बाबा के अंग वस्त्र बदले जाते हैं। इस पवित्र वस्त्र को प्रसाद रूप में पाने के लिए भक्तों में भारी उत्साह रहता है। प्रतिवर्ष बाबा खाटू श्याम को पालकी में विराजमान कर हनुमान चौक से मंदिर तक नगर भ्रमण कराया जाता है। मंदिर में प्रतिदिन शाम को आरती, भजन होते हैं और हर ग्यारस पर बाबा की ज्योत प्रज्वलित की जाती है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होते हैं। धार्मिक आयोजन में गुरु वीरेंद्र दुबे के साथ हरीनारयण ताम्रकार, जयेश शाह, अतुल ताम्रकार, श्रवण अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, बृजेश नेमा, सुदित भावसार, गुलाब कुशवाह, मनोज मूंदड़ा, रणधीर मालवीय, आशीष अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, सुहानी भार्गव, बंटी महाराज, गुलाब पंथी, हरिओम कुशवाह, रुद्रा, मिली कुशवाह, मनोज ताम्रकार, विशाल ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

कांवड़ यात्रा निकाली गई



गंजबासौदा। रविवार को ग्राम खड़ेर से श्याम प्रकटेश्वर महादेव गमाखर के लिए बालक नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा में मुख्य रूपे से सरपंच उमा सुरजीत सिंह, कुँवर अवधेश सिंह, सुदर्शन सिंह, अनिकेत सिंह, संजय सिंह, सोनू सेन, चंद्रेश कुर्मी, राजा कुशवाह, गुड्डा कुशवाह, ऋषि कुशवाह, विशाल नाथ, अभि कुशवाह, अमन महाराज, रितिक महाराज, दामोदर महाराज सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



राष्ट्र सेविका समिति के तत्वाधान में रविवार को गरिमामय गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में रीतिका अरोरा उपस्थित रहीं। गुरु पूर्णिमा पूजन में महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं चरित्र निर्माण पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुश्री रीतिका अरोरा ने महिलाओं को संस्कारवान बनते हुए, कार्य करने की आवश्यकता है। इसे विचार रखते हुए वे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, अंशलिका भावसार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अंशिका रघुवंशी ने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति के पाँच प्रमुख उत्सवों में से एक गुरु पूर्णिमा उत्सव भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता हैं। इस दौरान सभी सेविकाओं ने विधिवत गुरु पूर्णिमा पूजन कर राष्ट्र सेवा हेतु तन, मन एवं धन से निरंतर समर्पित रहने का संकल्प लिया। अंशिका रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में गुरु परंपरा के महत्व एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने राष्ट्र सेविका समिति के उद्देश्य, कार्य प्रणाली एवं समाज में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति विगत लगभग 90 वर्षों से राष्ट्र निर्माण एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है, जिसमें संस्कार, सेवा, संगठन एवं आत्मनिर्भरता के माध्यम से महिलाओं को जागरूक एवं सक्षम बनाया जा रहा है। कार्यक्रम की पूरी जानकारी शाखा प्रमुख खुशी सक्सेना द्वारा प्रदान की गई। दृष्टि रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेविकाओं ने सहभागिता की। और पूरे कार्यक्रम का वातावरण प्रेरणा दायक एवं उत्साह वर्धक रहा।

छात्रावासों की बदहाली और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

शिक्षा, सुरक्षा, खेल एवं छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नगर इकाई सिरोंज द्वारा छात्रहित एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने विद्यार्थियों की शिक्षा, सुरक्षा, खेल सुविधाओं एवं छात्रावासों की मूलभूत व्यवस्थाओं में सुधार के लिए प्रशासन से समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की। अभाविप कार्यकर्ताओं ने नगर में संचालित विभिन्न छात्रावासों की व्यवस्थाओं को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। परिषद ने सभी छात्रावासों के भवनों का सक्षम तकनीकी अधिकारी अथवा पीडब्ल्यूडी इंजीनियर से भवन सुरक्षा एवं फिटनेस निरीक्षण कराने की मांग की। इसके साथ ही छात्रावासों में स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ आवास, पर्याप्त फर्नीचर, अध्ययन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित करने की मांग रखी गई।

कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी



छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

रावजी पथ स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुखता से उठाई गई। परिषद ने कहा कि विद्यालय के आसपास अवांछित गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है। स्कूल लगने एवं छुट्टी के समय नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने तथा छात्राओं के लिए सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की गई। वहीं ज्ञापन में शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी, अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में हो रहे विलंब तथा नियमित रूप से कक्षाओं के संचालन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की गई। परिषद ने कहा कि शिक्षकों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ता है, इसलिए रिक्त पदों की पूर्ति एवं शिक्षण व्यवस्था को सुचारु किया जाना आवश्यक है। इसके अलावा नगर के खेल मैदान एवं स्टेडियम की स्थिति में सुधार कर विद्यार्थियों और युवाओं के लिए बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की गई।

निजी स्कूलों के वाहनों और कर्मचारियों के सत्यापन की मांग

विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिषद ने नगर के निजी विद्यालयों में कार्यरत वाहन चालकों एवं परिचालकों सहित आवश्यक कर्मचारियों का नियमानुसार पुलिस सत्यापन कराने की मांग की। साथ ही विद्यालयीन वाहनों के फिटनेस, बीमा, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की नियमित जांच सुनिश्चित करने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी गई। वहीं अभाविप ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विद्यार्थियों एवं छात्राओं की सुरक्षा, छात्रावासों की व्यवस्थाओं तथा अन्य छात्रहित से जुड़े मुद्दों पर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगी। आवश्यकता पड़ने पर परिषद ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। परिषद ने कहा कि विद्यार्थियों से जुड़े ये मुद्दे केवल छात्रहित तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नगर के भविष्य, युवा पीढ़ी की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से सीधे जुड़े हुए हैं। प्रशासन से इन मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र समाधान की अपेक्षा की गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष आयुष सक्सेना,परिसर अध्यक्ष कृष्णा सोनी,एनसीसी प्रमुख शिवम सेन सहित नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं तथा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभाविप ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए परिषद निरंतर आवाज उठाती रहेगी।

सनातन संस्कृति-परंपराओं को आगे बढ़ाने लिया संकल्प, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

देवपुर धाम के लव-कुश आश्रम में हुआ भव्य लेहंगी सेहरा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



देवपुर धाम स्थित पावन लव-कुश आश्रम में सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं वैदिक रीति-रिवाजों के अनुरूप लेहंगी सेहरा कार्यक्रम का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया तथा कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने सनातन परंपराओं के अनुसार आयोजित विभिन्न धार्मिक विधियों में सहभागिता करते हुए भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा एवं आस्था व्यक्त की। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने धर्म, संस्कृति और परंपराओं के महत्व को समझते हुए आने वाली पीढ़ियों तक सनातन संस्कारों को पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि लेहंगी सेहरा कार्यक्रम का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि सनातन संस्कृति की समृद्ध परंपराओं, संस्कारों और धार्मिक मान्यताओं को समाज के बीच जीवंत बनाए रखना भी है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि आधुनिक दौर में भी हमारी प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत निरंतर आगे बढ़ती रहे।

कार्यक्रम में शामिल वरिष्ठ समाजसेवी कमलेष कुषवाह ने कहा कि देवपुर धाम क्षेत्र सदैव से ही धार्मिक आस्था एवं श्रद्धा का प्रमुख केंद्र रहा है। लव-कुश आश्रम में इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण निर्मित होता है और समाज के लोगों को एक साथ मिलकर धार्मिक परंपराओं के संरक्षण का अवसर मिलता है। इस अवसर पर समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं ने आपसी सौहार्द, धर्म और संस्कृति के प्रति समर्पण की भावना के साथ आयोजन में सहभागिता की। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सनातन संस्कृति की परंपराओं को अक्षुण्ण रखते हुए उन्हें समाज और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। वही आयोजन के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं ने धार्मिक कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों को निरंतर आयोजित किए जाने की आवश्यकता जताई। देवपुर धाम के लव-कुश आश्रम में आयोजित यह भव्य कार्यक्रम क्षेत्र में सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

11 सितंबर को सिरोंज में निकलेगी भव्य शोभायात्रा, मुकेश कुशवाह को सर्वसम्मति से बनाया अध्यक्ष

महोत्सव की शोभायात्रा को लेकर कुशवाह समाज की बैठक संपन्न

सिरोंज। कुशवाह समाज द्वारा आराध्य देव भगवान श्री लव-कुश जन्म महोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर श्री विजासन माता मंदिर, गल्लामंडी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए आगामी आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कुशवाह समाज द्वारा आराध्य देव श्री लव-कुश जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में 11 सितंबर 2026, शुक्रवार को सिरोंज नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है। बैठक में शोभायात्रा की व्यवस्थाओं, समाज की सहभागिता



तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

मुकेश कुशवाह को बनाया अध्यक्ष

आयोजन को सफल बनाने के लिए बैठक में कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। समाजजनों की सर्वसम्मति से मुकेश कुशवाह, चितावर वालों को शोभायात्रा आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही कुल 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जो शोभायात्रा की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को जिम्मेदारीपूर्वक संभालेगी। बैठक में समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों ने कहा कि श्री लव-कुश जन्म महोत्सव समाज की आस्था एवं गौरव से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। शोभायात्रा के माध्यम से समाज की एकता, संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था का संदेश नगरवासियों तक पहुंचाया जाएगा। आयोजन में अधिक से अधिक समाजबंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया गया। इस मौके पर बैठक में महासभा तहसील अध्यक्ष बुंदेल सिंह कुशवाह, बालमुकुंद कुशवाह,जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाह, समाजसेवी रामबाबू कुशवाह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

351 किलो का विशाल निर्वाण लाडू भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक पर मुनिपुंगव सुधासागर जी के चरणों में समर्पित

सिरोंज। जिनोदय नसियां जी तीर्थ उद्धारक,सकल दिगंबर जैन समाज के कुलगुरु एवं राष्ट्रीय संत तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के चरणों में देवाधिदेव श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक सप्तमी महापर्व के अवसर पर 351 किलो का विशाल निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। सकल दिगंबर जैन समाज सिरोंज की ओर से यह निर्वाण लाडू इंदौर में चल रहे 'सुधामय अमृत चातुर्मास' के दौरान पूज्य गुरुदेव के चरणों में श्रद्धापूर्वक अर्पित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक का पुण्य लाभ अर्जित किया।



गुरुदेव के आशीर्वाद से पूर्ण हुए तीन भव्य जिनालयः जैन समाज के लिए यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा कि सिरोंज में श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचखनी मंदिर ट्रस्ट, श्री 1008 मुनिसुब्रतधाम छतरी जैन मंदिर तथा श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर का निर्माण कार्य जगतपूज्य मुनिपुंगव सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से पूर्ण हुआ। समाजजनों ने बताया कि इन मंदिरों का भव्य निर्माण कार्य एक ही वर्ष में पूर्ण हुआ। इसके बाद श्रीजी की प्रतिमाओं को गुना में आयोजित पंचमुखी पंचकल्याणक महोत्सव में विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ प्रतिष्ठित कराया गया। पंचकल्याणक के पश्चात श्रीजी की प्रतिमाएं सिरोंज स्थित मंदिरों में विराजमान हुईं। इस धार्मिक आयोजन में श्री बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया जी का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ। मुनिपुंगव सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से मंदिर निर्माण और धार्मिक गतिविधियों को मिली गति को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण है।

तुलसी की कृतियों पर आधारित प्रतियोगिता में गूंजे भजन व छंद

लिटिल ओलंपस विद्यालय में दी मनोहारी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



पं. गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा आयोजित तुलसी जयंती सप्ताह के अंतर्गत लिटिल ओलंपस विद्यालय में तुलसीदास जी की कृतियों पर आधारित भजन, छंद एवं स्तुति गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रश्न मंच से हुई, जिसमें विद्यार्थियों से तुलसीदास जी एवं उनकी कृतियों से जुड़े प्रश्न पूछे गए और विजेताओं को तत्काल पुरस्कार प्रदान किए गए। एकल गायन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट विद्यालय के रुद्र राजपूत ने प्रथम, विभूति तिवारी ने द्वितीय तथा विक्रमादित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुयश ठाकुर एवं अभिराम शर्मा को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। समूह गायन में लिटिल ओलंपस विद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद देवलिया एवं भरत लड्ढा उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में प्रकाश पाठक एवं सुदीन श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। आचार्य शिवकुमार तिवारी, अनंत सिंह, प्रवीण शर्मा, सौरभ गुप्ता, प्राचार्य अमिता असाठी, उमा शर्मा एवं विद्यालय संचालक मोहित रघुवंशी की भी विशेष उपस्थिति रही। दर्शकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

सेवा भारती की बहनों ने सैनिकों के लिए भेजे हस्तनिर्मित रक्षा सूत्र

विदिशा। देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक रक्षाबंधन का स्नेह और अपनापन पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा भारती की बहनों ने अपने हाथों से तैयार किए गए रक्षा सूत्र पूर्व सैनिक संगठन को सौंपे। अरिहंत विहार स्थित सीआईएसटी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विदिशा पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष एवं पूर्व सैनिक राजाराम राजपूत को रक्षा सूत्र प्रदान कर उनसे इन्हें सीमा पर तैनात फौजी भाइयों तक पहुंचाने का आग्रह किया गया, ताकि त्योहार के अवसर पर उन्हें अपने परिवार की कमी महसूस न हो। बताया गया कि सेवा भारती द्वारा यह परंपरा विगत कई वर्षों से निरंतर निभाई जा रही है। इसके माध्यम से बच्चों और समाज में सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, मध्य भारत प्रांत सेवा भारती मध्य की उपाध्यक्ष डॉ. किरण सेजवार, जिला उपाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल, जीएस चौहान, दीपक सेन,, आनंद शरण साहब सहित अन्य कार्यकर्ता एवं निवेदिता भारती की बहनें मौजूद रहीं।

किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता पर रहेगा विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सेवा भारती द्वारा 6 से 13 सितंबर तक सुपोषण सप्ताह मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर सीआईएसटी कॉलेज में सेवा भारती विदिशा जिले की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ सेवा भारती मध्य भारत प्रांत की उपाध्यक्ष एवं स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ. किरण शेजवार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

डॉ. शेजवार ने कार्यकर्ताओं को सुपोषण सप्ताह के उद्देश्य तथा किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण एवं जागरूकता से संबंधित जानकारी दी। बैठक में सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की कार्ययोजना भी तैयार की गई। कार्यक्रम में तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट के माध्यम से निवेदिता भारती की बहनों को निःशुल्क अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद किशोरियों को अध्ययन में सहयोग देना है।

पूर्व सैनिकों को राखियां बांधकर जताया सम्मान



कार्यक्रम में पूर्व सैनिक बहुउद्देश्यीय सामाजिक संस्थान के संरक्षक यशवीर सिंह सहित विजय भटनागर, राजाराम राजपूत, नरेंद्र शर्मा, धीरज सिंह राजपूत एवं एसपी सिंह को आमंत्रित किया गया। किशोरियों ने देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पूर्व सैनिकों को राखियां भेंट कीं। इस अवसर पर सेवा भारती के विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद शरण, सचिव मयंक टोक, प्रचार प्रमुख दिनेश कंचन, उपाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल सहित गोवर्धन चौहान, गोविंद विश्वकर्मा, अनिल श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार वर्मा, राहुल विश्वकर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुपोषण सप्ताह में पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

राष्ट्रीय प्रतीकों का मॉडल बनाकर पूजा यादव ने जीता तीसरा स्थान

राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चमकी शासकीय स्कूल पट्टन की छात्रा



शमशाबाद। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रा को सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पट्टन की कक्षा 7वीं की छात्रा पूजा यादव ने नरसिंहपुर में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में तृतीय स्थान हासिल कर विदिशा जिले का नाम रोशन किया।

पूजा ने 'भारत के राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह' विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया। नरसिंहपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षामंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने पूजा को सम्मानित किया। प्रदर्शनी में उसने एसपी, एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारियों के सामने मॉडल का प्रभावी प्रेजेंटेशन दिया, जिसकी अधिकारियों और निर्णायकों ने सराहना की।

पूजा ने संकुल से लेकर संभाग स्तर तक शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर तक का सफर तय किया।छात्रा की सफलता में मार्गदर्शिका शिक्षिका किरण चौबे का विशेष योगदान रहा। उपलब्धि पर बीआरसी ईश्वर शर्मा, पिता संदीप यादव, शाला प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह, संकुल प्राचार्य कृष्ण कांत महावर, जनशिक्षक मनोज चौकसे सहित विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासियों ने बधाई दी।

ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में विश्व बंधुत्व रक्तदान महाभियान का शुभारंभ, 25 अगस्त तक चलेगा अभियान

रक्तदान मानवता की सेवा, निस्वार्थ सहयोग और विश्व बंधुत्व की भावना की महत्वपूर्ण पहल : एसपी कशवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, मुखर्जी नगर सेवा केंद्र द्वारा ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विश्व बंधुत्व रक्तदान महाभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। 21 से 25 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत भारत और नेपाल में हजारों रक्तदान शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित करने तथा समाज में मानव सेवा और विश्व बंधुत्व का संदेश देने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विदिशा एसपी रोहित कशवानी एवं गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। एसपी कशवानी ने



विदिशा। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान किया गया।

कहा कि ब्रह्माकुमारीज का यह अभियान मानवता की सेवा, निस्वार्थ सहयोग और विश्व बंधुत्व की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने लोगों से आगे बढ़कर रक्तदान करने का आह्वान किया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों में कई भ्रांतियां और भय रहते हैं। जबकि रक्तदान सुरक्षित प्रक्रिया है और इसके बाद शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है।

उन्होंने लोगों से भ्रांतियां दूर कर रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। विजय श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान को बढ़ावा देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। रक्त की कोई जाति, धर्म या भेदभाव नहीं होता। वहीं ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि रक्तदान विश्व बंधुत्व की पहली कड़ी है। जरूरत के समय रक्त किसी भी व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। कार्यक्रम में ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. राजेंद्र ने रक्तदान की प्रक्रिया, महत्व और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अनेक भाई-बहन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राजस्थानी लोकनृत्य से छात्राओं ने जीता स्पेशल एंड यूनिक ज्यूरी अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



अग्रवाल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने ओलंपस स्कूल में आयोजित सहोदय ग्रुप के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में अपनी कला एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अग्रवाल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की कक्षा 8वीं से 11वीं तक की छात्राओं ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में लोकनृत्य प्रस्तुत किया। शानदार तालमेल, आकर्षक नृत्य शैली और मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। छात्राओं की प्रस्तुति को कार्यक्रम में विशेष सराहना मिली। कार्यक्रम में विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता भी उपस्थित रहे।

छात्राओं की उत्कृष्ट एवं अनूठी प्रस्तुति से प्रभावित होकर उन्होंने छात्राओं को स्पेशल एंड यूनिक ज्यूरी अवॉर्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान छात्राओं की प्रतिभा, मेहनत और समर्पण का प्रमाण बना। प्रस्तुति में प्राची मीणा, अमृता मीणा, दिशा लोधी, अंजली मीणा, छम्मा दांगी, निशी लोधी, अनिशा लोधी, सलोनी मीणा, कृषिका दांगी, राधिका शर्मा, कल्पना दांगी एवं स्नैलवी मीणा ने सहभागिता की। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही बाजार होने लगे गुलजार

गंजबाजार में सजाई राखियों की दुकानें खरीदारी करने उमड़ी बहनों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही शहर के बाजारों में तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर के मुख्य गंजबाजार और पाटनदेव नपा के इंदिरा गांधी मार्केट क्षेत्र में राखियों की करीब 30 से अधिक दुकानें सज गई हैं। रविवार सुबह से ही दुकानों पर बहनें भाइयों के लिए राखियां खरीदती नजर आईं। शाम होते-होते गंज बाजार में लगीं राखी बाजार में खरीदारों की भीड़ और बढ़ गई। दुकानदारों के अनुसार इस बार राखियों के दाम में करीब 10 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। भोपाल, इंदौर, दिल्ली और सूरत अहमदाबाद राजकोट के बाजारों से राखियां मंगाई गई हैं। रेशम के धागे, नाम और राशि वाली राखियों के साथ कार्टून कैरेक्टर तथा धार्मिक चिन्हों की डिजाइन वाली राखियां भी उपलब्ध हैं। दुकानदार अजय संजय राठौर, श्याम अग्रवाल मदन चक्रवर्ती भगवान दास पटवा रामबाबू पटवा ने बताया कि वे पिछले 12 साल से राखियों का स्टॉल लगा रहे हैं। पहले जहां बहनें गोता-पत्ती वाली बड़ी राखियां पसंद करती थीं। वहीं अब हल्की और कम चमक वाली राखियों की मांग बढ़ी है।



लाइट वेट और स्टाइलिश राखियों की मांग

शहर के राखी बाजार में इस बार लाइट वेट और स्टाइलिश डिजाइन वाली राखियां सबसे ज्यादा पसंद की जा रही हैं। ग्रीन धागे में छोटे मोती, रुद्राक्ष, निखिल, चंदन की राखी ओम राखी सहित कई तरह की लाइट वेट राखियां उपलब्ध हैं। स्टोन और स्टाइलिश राखियों की भी खूब पूछ-परख हो रही है। राखी दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक ऐसी राखियां पसंद कर रहे हैं, जिन्हें लंबे समय तक पहनने में परेशानी न हो।

20 से 240 रुपए तक की राखियां...

राखी बाजार में राखियों की कीमत डिजाइन और क्वालिटी के अनुसार अलग-अलग है। साधारण राखियां 20 रुपए से शुरू होकर 100 रुपए तक बिक रही हैं। वहीं मोती, स्टोन चांदी चंदन की राखी और आकर्षक डिजाइन वाली राखियों की कीमत 60 रुपए से लेकर 240 रुपए तक है। कई दुकानों पर राखी के साथ आकर्षक पैकिंग भी उपलब्ध कराई जा रही है। कम उम्र के बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों की भी मांग है। नोवेल्टी, स्पाइडर मैन, डोरेमोन, छोटा भीम और सुपरमैन की राखियों में लाइट और सिंपल डिजाइन वाली राखियां बच्चों को आकर्षित कर रही हैं। इनकी कीमत करीब 60 से 150 रुपए तक है।
गंजबाजार स्थित बाजार में शाम के समय सबसे ज्यादा भीड़ नजर आ रही है। रविवार को साप्ताहिक हाट लगने से खरीदारों की देर शाम तक भारी भीड़ बहनों की उमड़ी। भारी भीड़ की वजह से श्रीराम लीला गेट के सामने सड़क पर बार बार जाम की स्थिति भी बनीं।

हाथी कुंड में नहाते समय बुजुर्ग की डूबने से मौत

भोपाल से परिवार के साथ घूमने आए थे 70 वर्षीय नौशाद, एक घंटे की सर्चिंग के बाद निकाला शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के बररूखार गांव के पास स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हाथी कुंड में रविवार शाम नहाते समय भोपाल के 70 वर्षीय बुजुर्ग की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान भोपाल के शाहजहानाबाद निवासी नौशाद खान के रूप में हुई है। वे परिवार के साथ हाथी कुंड घूमने आए थे। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने करीब एक घंटे तक सर्चिंग अभियान चलाया। जिसके बाद बुजुर्ग का शव पानी से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि रविवार को परिवार के साथ नौशाद खान हाथी कुंड पहुंचे थे। इस दौरान वे कुंड में नहाने लगे। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने से वे डूब गए। बुजुर्ग को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया और पानी में तलाश शुरू कर दी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लोगों ने शव को बाहर निकाला।

बारिश में बढ़ जाती है भीड़, सुरक्षा इंतजाम नाकाफी

बारिश के मौसम में हाथी कुंड में जंगल और पहाड़ों से आने वाले पानी का स्तर बढ़ने के साथ यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। रायसेन के अलावा भोपाल, सुल्तानपुर और मंडीदीप क्षेत्र से युवा और परिवार पिकनिक मनाने आते हैं। लोग यहां नहाने और तैरने के साथ पानी में मौज-मस्ती करते हैं। हालांकि, पानी की गहराई और तेज बहाव वाले स्थानों की जानकारी नहीं होने से कई बार हादसे हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाथी कुंड में हर साल बारिश के दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।लेकिन यहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। गहरे पानी वाले स्थानों पर न तो पर्याप्त चेतावनी बोर्ड हैं और न ही सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की व्यवस्था दिखाई देती है। ऐसे में बाहर से आने वाले लोग हाथी कुंड में भरे पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाते और हादसे का शिकार हो जाते हैं।

पिकनिक स्पॉट पर सुरक्षा व्यवस्था की मांग

हाथी कुंड में बुजुर्ग की मौत के बाद एक बार फिर यहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला व पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बारिश के दौरान हाथी कुंड के आसपास सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाए। साथ ही गहरे पानी वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और खतरनाक हिस्सों में लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 स्थित सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज बना दुर्घटनाओं का सबब

हादसों का ओवरब्रिजः 6 करोड़ की लागत, 8 इंच गहरे गड्ढे जानलेवा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 स्थित सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज हादसों का नया केंद्र बन चुका है। लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से बना यह 1 किलोमीटर लंबा ओवरब्रिज अब बदहाली के आंसू रो रहा है। ब्रिज पर 8-8 इंच गहरे जानलेवा गड्ढे हो चुके हैं, जिनमें लोहे के सरिये बाहर निकल आए हैं। प्रतिदिन 10,000 से अधिक वाहनों के दबाव वाले इस ब्रिज पर गड्ढों के कारण अब तक 12 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हाल ही में मेढ़की गांव की महिला शशि बाई शर्मा की गड्ढे के कारण बाइक से गिरने के बाद कार की टक्कर से मौत हो गई। एमपीआरडीसी के जिम्मेदारों की इस आपराधिक अनदेखी का खामियाजा आम जनता को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है।

घटिया निर्माण की नींव अफसर की चेतावनी दरकिनार

इस ओवरब्रिज का निर्माण वर्ष 2011 में मध्य प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन द्वारा शुरू हुआ था और 2013 में यह बनकर तैयार हुआ। निर्माण के समय ही ब्रिज कारपोरेशन के तत्कालीन एसडीओ ने लिखित आपत्ति दर्ज कराई थी कि यह इलाका 'ब्लैक कॉटन सॉइल' (काली मिट्टी) वाला है और पिलर की गहराई कम रखी जा रही है, जिससे पुल धसकेगा। हालांकि, तत्कालीन केंद्रीय मंत्री के करीबी ठेकेदार के राजनीतिक रसूख के आगे अफसर की एक न सुनी गई और उन्होंने अपना तबादला करा लिया। नतीजा आज सबके सामने है ब्रिज न केवल धसक रहा है, बल्कि इसकी साइड रेलिंग भी आड़ी-तिरछी होकर गिर रही है।टोल टैक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा टोल की दरों में भारी बढ़ोतरी की गई है। जिसमें हल्के कमर्शियल वाहनों से 65, ट्रक (खाली/भरा) से165, मल्टी एक्सल वाहनों से 325 रुपये लिए जा रहे हैं। हर महीने लाखों रुपये का टोल वसूलने के बाद भी हाईवे पर बुनियादी पेंचवर्क या मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा।

दिल्ली-मुंबई रेल ट्रैक पर मंडरा रहा बड़े हादसे का खतरा

यह ओवरब्रिज दिल्ली-मुंबई मुख्य रेलवे ट्रैक के ठीक ऊपर बना है, जहां से हर 4 मिनट में एक हाई-स्पीड ट्रेन गुजरती है। धसकती रेलिंग और गहरे गड्ढों के कारण अगर कोई अनियंत्रित वाहन नीचे रेलवे ट्रैक पर गिरता है, तो यह देश का एक बहुत बड़ा रेल हादसा बन सकता है।

इनका कहना है...

रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य घटिया स्तर का किया गया था। जिसकी वजह से कुछ साल में ही रेलवे ओवर ब्रिज में जगह जगह 8-8 इंच तक गहरे गड्ढे हो गए हैं और रेलिंग भी धसक कर आड़ी हो गई है। इसी कारण ब्रिज पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।
रघुवीर सिंह मीणा, सरपंच ग्रापं. रातातलाई

कुशियारी मोड़ के सामने मोटरसाइकिल बचाने में हादसा

नीमखेड़ा में डिवाइडर से टकराई यात्री बस, कई यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

पुलिस चौकी सेडोरा के तहत रविवार को दोपहर बाद भोपाल रोड पर नीमखेड़ा कुशियारी पेट्रोल पंप के सामने एक यात्री बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे में बस में सवार कई यात्रियों को चोटें आईं। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें लगीं। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सेंडोरा पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र दायमा से मिली जानकारी के अनुसार, सेडोरा पुलिस चौकी क्षेत्र में भोपाल की ओर जा रही चौरसिया बस ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एमपी15-जेड -00464 नीमखेड़ा- कुशियारी मोड़ के सामने पेट्रोल पंप के पास अचानक मोटरसाइकिल आ गई। मोटरसाइकिल चालक को बचाने के प्रयास में बस चालक ने वाहन को दूसरी दिशा में मोड़ा, इसी दौरान बस का अगला पहिया डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही सेडोरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र दायमा ने बताया कि दुर्घटना में कई यात्रियों को चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहीं मौके पर लगे यातायात जाम को भी पुलिस ने खुलवाया।



हादसे के बाद फिर उठे सड़क सुरक्षा पर सवाल

भोपाल रोड पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कुछ दिन पहले भी बेतवा नदी के पास कार और कंटेनर की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। वहीं खरबई सेहतगंज के समीप एक बाइक और जेसीबी मशीन की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों युवकों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भोपाल भिजवाया था।इसके बाद अब यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था और वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि भोपाल रायसेन रोड पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। ऐसे में यातायात पुलिस और संबंधित विभाग को दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की जरूरत है।

कर्क रेखा से हलाली डैम तक उमड़ा सैलानियों का सैलाब

झरने ने मोहा मन, दिन भर लगी रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

बारिश के मौसम में रायसेन जिले के सांची विकासखंड का प्राकृतिक सौंदर्य इन दिनों सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। शनिवार और रविवार को हाईवे-18 स्थित कर्क रेखा, हलाली डैम और छोटी पचमढ़ी में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। भोपाल, विदिशा, बेरसिया सहित आसपास के गांवों और जिलों से आए लोगों ने प्राकृतिक नजारों का आनंद लिया और मोबाइल कैमरों में तस्वीरें और वीडियो कैद किए।

कर्क रेखा बना सेल्फी प्वाइंट–भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर दीवानगंज नरखेड़ा के समीप स्थित कर्क रेखा पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हाईवे से गुजरने वाले राहगीर यहां कुछ देर रुककर कर्क रेखा के स्मारक के साथ सेल्फी लेते नजर आए। कई परिवारों और युवाओं ने यहां फोटो खींचकर अपनी यादों को कैमरे में कैद किया और सोशल मीडिया पर साझा किया। कर्क रेखा को बचपन से भूगोल की किताबों में पढ़ने वाले लोगों के लिए इस स्थान पर खड़े होकर फोटो लेना अपने आप में खास अनुभव बना हुआ है। यहां राजस्थानी पत्थरों से चबूतरेनुमा स्मारक बनाया गया है, जो पर्यटकों के लिए प्रमुख सेल्फी प्वाइंट बन चुका है।

21 जून को बनता है नो शैडो जोन–कर्क रेखा को लेकर सबसे ज्यादा आकर्षण 21 जून को रहता है। इस दिन सूर्य कर्क रेखा के ऊपर लगभग लंबवत स्थिति में होता है और दोपहर के समय छाया बेहद छोटी दिखाई देती है। इसी खगोलीय घटना के कारण कर्क रेखा से जुड़े स्थानों को आम बोलचाल में ह्यनो शैडो जोनह्ल के रूप में जाना जाता है। हालांकि शनिवार-रविवार को यहां पहुंचे कई पर्यटक छाया को लेकर उत्सुक नजर आए और स्मारक के पास खड़े होकर तस्वीरें लेते रहे।

65 फीसदी भराव के बाद हलाली डैम पर भी भीड़–हलाली डैम में करीब 65 प्रतिशत पानी भरने के बाद रविवार को यहां सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भोपाल, विदिशा, बेरसिया सहित आसपास के क्षेत्रों से परिवार और युवा पिकनिक मनाने पहुंचे। डैम के चारों ओर हरियाली और पानी का मनमोहक नजारा पर्यटकों को खूब भाया। लोगों ने दिनभर यहां घूमने, फोटो खींचने और प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने में समय बिताया।

50 फीट ऊंचे झरने ने खींचा ध्यान

हलाली डैम क्षेत्र के समीप स्थित छोटी पचमढ़ी भी पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। बारिश के बाद करीब 50 फीट की ऊंचाई से गिरता झरना, चारों ओर फैली हरियाली, चट्टानों के बीच बहता पानी और नीचे बना कुंड यहां पहुंचने वाले लोगों को रोमांचित कर रहा है। झरने और आसपास के प्राकृतिक नजारों को पर्यटक अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए। छोटी पचमढ़ी का ब्लू वाटर भी सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। ऊपर से गिरता झरने का पानी सफेद दिखाई देता है, जबकि नीचे कुंड में पानी का रंग नीला नजर आता है। यही नजारा पर्यटकों को यहां फोटो और वीडियो बनाने के लिए आकर्षित कर रहा है।

रोक के बावजूद कुंड में उतर रहे पर्यटक

प्रशासन द्वारा छोटी पचमढ़ी क्षेत्र में सैलानियों के जाने पर रोक लगाई गई है, इसके बावजूद कई पर्यटक वहां पहुंच गए और कुंड में नहाते तथा सेल्फी लेते दिखाई दिए। तेज बहाव और ऊंचाई वाले झरने के कारण यहां हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में पर्यटकों को प्रशासन की रोक और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की जरूरत है। इस कुंड में पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं। एक बार 7 दोस्तों में से तीन की मौत हो गई थी तो वहीं एक भोपाल के युवक की भी मौत इसी कुंड में हुई है। इसके बावजूद भी सैलानी इस कुंड में नहाने से नहीं चूकते हैं।

पुराना रास्ता चालू होने से मिली राहत

हलाली डैम के पुराने रास्ते पर सीसी रोड का निर्माण पूरा होने के बाद आम लोगों और वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। इससे पहले लोगों को नीचे बने कच्चे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता था। बारिश के कारण कच्चे मार्ग में कई जगह दरारें पड़ने और सड़क खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही थी। पुराने रास्ते के दोबारा शुरू होने से पर्यटकों और स्थानीय लोगों को राहत मिली है।

बारिश ने बढ़ाई प्राकृतिक पर्यटन की रौनक

मानसून के सक्रिय होने के साथ ही दीवानगंज-सांची क्षेत्र के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की खूबसूरती निखर गई है। एक ओर हाईवे-18 पर कर्क रेखा पर्यटकों को आकर्षित कर रही है, तो दूसरी ओर हलाली डैम और छोटी पचमढ़ी के झरने लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं। सप्ताहांत में उमड़ी भीड़ से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

लगी सावन की झड़ी मौसम हुआ सुहाना

2 दिन की झमाझम बारिश से उफने नदी नाले बढा जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले 48 घंटो से रुक-रुक कर कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश ने मौसम बदल दिया है।4- 5 दिनों से धूप न निकलने के कारण चारों तरफ पानी कीचड़ और भारी नमी नजर आ रही है । नदी नालों में आया उफान- शनिवार और रविवार को घंटो झमाझम बारिश हुई जिससे तापमान में भारी गिरावट आ गई है। क्षेत्र के सभी नदी नालों का तेजी से जल स्तर बढ़ने के साथ पानी उफान आने और निचले हिस्सों में फैलना शुरू हो गया है। जोरदार बारिश से नदी नालों में भरपूर पानी हो जाने से गिरा भूजल स्तर भी ऊपर उठने लगा है। किसानों को मिली राहत- चार- पांच दिनों से रिमझिम बारिश हो रही थी शनिवार और रविवार को जोरदार झमाझम बारिश होने से धान की फसलों को भारी लाभ हुआ है। धान की कयारी पानी से लवा लव हो जाने के साथ ओवरफ्लो होने लगी है। किसानों को बिजली न रहने और पानी की कमी की परेशानियां से फिलहाल राहत मिल गई है।



स्व.रामप्रसाद अट्या की पुण्य स्मृति पर किया कार्यक्रम

चड़ार समाज भवन परिसर में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

अखिल भारतीय सर्व चड़ार चिड़ार समाज सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलाराम अट्या के पिता स्व. रामप्रसाद अट्या की 13वीं पुण्यतिथि पर श्यामनगर चड़ार समाज भवन परिसर, बेगमगंज में उनकी स्मृति में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। पुण्य स्मृति को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बेगमगंज मलखान सिंह जाट थे। उन्होंने पौधरोपण को दिवंगत पूर्वजों की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सर्व चड़ार चिड़ार समाज सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलाराम अट्या, वरिष्ठ कार्यकर्ता गयाप्रसाद चड़ार, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव भगवत सिंह अट्या, रायसेन जिलाध्यक्ष विश्राम सिंह चड़ार, प्रदेश उपाध्यक्ष वृंदावन अट्या, भाईसाब अट्या, रुक्मेश अट्या सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्व.रामप्रसाद अट्या के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा परिवार को दिए गए संस्कारों का स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहाकि किसी दिवंगत प्रियजन की स्मृति में लगाया गया वृक्ष केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जीवन, हरियाली और छाया की विरासत है।




आज सावन का आखिरी सोमवार शिव भक्तों में भारी उत्साह

भगवान भोलेनाथ का अभिषेक के साथ विशेष पूजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सावन माह का आखिरी सोमवार है शिव भक्तों में पूर्व के सावन सोमवार से अधिक भगवान भोलेनाथ का अभिषेक विशेष पूजन की तैयारी चलती रही। शिव बापौली धाम जामगढ़ भगदेई और भंडारिया के शिवालयों के साथ नगर की शिव मंदिरों में शिव भक्त नर नारियों द्वारा भारी भीड़ होने के कारण जलाभिषेक पूजन की विशेष व्यवस्थाएं मंदिरों में की गई है। प्राचीन शिव स्थान जामगढ़ में विंध्य पर्वत की लगभग 100 फीट ऊंची पहाड़ी पर गुफा है। जहां वर्ष के 12 महीना जल भरा रहता है। सदियों पुराने शिवलिंग की पूजन अभिषेक के लिए भारी संख्या में शिव भक्त ऊंची पहाड़ी पर पहुंचते हैं। इसी प्रकार ग्राम भगदेइ के सदियों पुराने शिव मंदिर में सूर्य की किरणें सबसे पहले अभिषेक करती है। संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में अति प्राचीन बापौली शिव धाम है जहां ब्रह्मलीन गुरु जी ने दशकों तक तपस्या की वर्तमान में जम्मू वाले लाल बाबा जी सूर्योदय से सूर्य अस्त तक मोन धारण कर तपस्या साधना कर रहे हैं । शिव धाम भंडारिया -विंध्य पर्वत की श्रृंखला में जंगल के बीच भंडारिया शिव धाम है। इसी के पास से घोघरा नदी निकली है भंडारिया शिव धाम पहुंचना आज भी कठिन है परंतु शिव भक्त भारी संख्या में भंडारिया पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन करते हैं।



कांवड़ियों को फल वितरण कर किया स्वागत

सिलवानी । सावन माह अंतिम सप्ताह में पहुंच गया हैं। श्रद्धालुओं में भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था व श्रद्धा अपार देखी जा रही है। शिवालयों में अल सुबह से देर रात तक बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री कावड़ में मॉ नर्मदा नदी का जल भर कर शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर रहे है। इसी कड़ी में पवन पावनी मॉ नर्मदा नदी का जल भर कर सियरमऊ ग्राम जा रहे कांवड़ यात्रियों के ग्राम मुआर पहुंचने पर ग्राम के युवाओं ने श्रद्धा पूर्वक भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुआर गांव के उप सरपंच राजेश सिंह रघुवंशी ने कांवड़ियों को फल वितरित कर उनका स्वागत-सम्मान किया। कांवड़ियों के लिए फल वितरण कर उनकी यात्रा के प्रति सम्मान और आस्था व्यक्त की गई।कांवड़ यात्रा के मुआर पहुंचने पर ग्रामीणों में भी उत्साह नजर आया। उप सरपंच राजेश सिंह रघुवंशी ने कहा कि कांवड़ यात्रा धार्मिक आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। यात्रियों की सेवा करना और उनका स्वागत करना सौभाग्य की बात है। इस दौरान कांवड़ियों को फल वितरित किए गए और उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। कार्यक्रम में परशु सेठ,आदर्श रघुवंशी, नितेश कुशवाहा, रामकुमार ठाकुर,सोनू प्रजापति, आकाश,पवन रघुवंशी, सुनील ठाकुर, रामकुमार सिंह पत्रकार, सहित सभी समिति एव अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

